# संकट पर फूटा गुस्सा, खाली सिलेंडर ले सड़क पर उतरे

## उपभोक्ताओं की नाराजगी से सड़क हुई जाम

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में रसोई गैस की कमी को लेकर शुक्रवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर अमरपाटन-सतना मार्ग स्थित मानसी गैस एजेंसी के सामने सड? पर बैठ गए और चक्काजाम कर दिया। अचानक हुए प्रदर्शन से सड? के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया।**



प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि वे आसपास के गांवों से सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे थे, लेकिन लंबे समय तक लाइन में खड़े रहने के बावजूद गैस नहीं मिली। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने 10 से 15 दिन पहले बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई। एजेंसी पहुंचने पर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा, जिससे नाराज होकर लोगों ने धरना शुरू कर दिया। उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी पर कृत्रिम संकट पैदा करने और कालाबाजारी के आरोप लगाए। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि एजेंसी में सिलेंडर उपलब्ध हैं, लेकिन आम उपभोक्ताओं को नहीं दिए जा रहे। उनका आरोप था कि बाहर सप्लाई कर मनमाने तरीके से वितरण किया जा रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि समय पर बुकिंग के बावजूद गैस आखिर क्यों नहीं मिल रही है।

चक्काजाम के कारण अमरपाटन-सतना मार्ग पर लंबा जाम लग गया। यात्रियों, स्कूली बच्चों और मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। सूचना मिलने पर अमरपाटन पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर करीब एक घंटे बाद जाम खुलवाया। इसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से गैस वितरण व्यवस्था की जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने और नियमित रूप से गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। हालांकि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन उपभोक्ताओं में नाराजगी अब भी बनी हुई है।

### कलेक्टर ने मांगा जवाब

घरेलू गैस उपभोक्ताओं की शिकायतों और अनियमितताओं पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिदिशा मुखर्जी ने सख्त रुख अपनाते हुए आमातारा इण्डेन गैस एजेंसी और मानसी गैस एजेंसी, अमरपाटन को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मानसी गैस एजेंसी अमरपाटन पर पात्र उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर रिफिल नियमित रूप से उपलब्ध न कराने को गंभीरता से लिया है। इस मामले में टेरीटोरी मैनेजर, एलपीजी भिटौनी भारत पेट्रोलियम को भी नोटिस जारी कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा तीन दिन में जवाब देने को कहा गया है। वहीं आमातारा इण्डेन गैस एजेंसी मैहर के संबंध में आपूर्ति अधिकारी की रिपोर्ट में एजेंसी को निष्क्रिय, नियमविरुद्ध एवं असुरक्षित संचालन करते हुए पाया गया। साथ ही द्रावीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 की विभिन्न शर्तों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर एजेंसी संचालक अभिषेक चतुर्वेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# बच्चों के पोषण प्रबंधन के लिए माइक्रो प्लान बनाएं

## कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना 24 अप्रैल कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में पूरे जिले विशेषकर मझगवां क्षेत्र में बच्चों के पोषण प्रबंधन के लिए माइक्रो प्लान और एसओपी बनाकर स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के अमले को कार्य करने के निर्देश दिये गये है।**



इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला, डीआईओ डॉ. सुचित्रा अग्रवाल, सभी बीएमओ, बीपीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला विकास राजीव सिंह सहित सभी महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि मझगवां और परसमनिया क्षेत्र में स्वास्थ्य और पोषण सुविधाओं का नेटवर्क मजबूत करें और आंगनवाडी केन्द्र तथा स्कूलों में दर्ज बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये। उन्होंने कहा कि आरबीएसके की टीम प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्र में जाकर माइक्रो प्लान के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाये। शिविर में उपस्थित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार करें तथा जो बच्चे शिविर में नहीं पहुंच पा रहे उनके स्वास्थ्य के विषय में मैदानी अमले से जानकारी ली जाये।

### जिले में अभी भी गैर संस्थागत प्रसव

होम बेस्ड न्यू बार्न केयर में गत वर्ष 23396 जन्म पर 18506 एचबीएनसी बिजिट अर्थात 79 प्रतिशत होम केयर पाये जाने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के नगरीय क्षेत्रों के नगर परिषद के वार्डो में आशा नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा जाये। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी मझगवां में पोषण प्रबंधन के लिए संयुक्त कार्य योजना बनाये और चित्रकूट के जानकीकुण्ड और मझगवां में स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के मैदान अमले को प्रशिक्षण दिलवाये।

# शॉर्ट सर्किट से मकानों में लगी आग, गृहस्थी खाक

## रामपुर बाघेलान के बरदहा गांव का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. शुक्रवार को रामपुर बघेलान ब्लॉक की लामी करही पंचायत अंतर्गत बरदहा गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने कई आदिवासी परिवार सहित अन्य लोगों के घरों को अपने आगोश में ले दिया।**

आग ने देखते ही देखते कई घर आग की चपेट में आ गए, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आगजनी में



आदिवासी परिवारों समेत कई ग्रामीणों के मकान जल गए। घरों में रखा गृहस्थी का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया, वहीं कई मवेशी भी झुलस गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

इस हादसे में , शंकर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, रामनिवास, संतोष सहित कई परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रही है तथा राहत प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# फर्जी फोन पे ऐप के जरिए की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. कपड़े और ट्रॉली बैग खरीदने पहुंचे दो युवकों ने फर्जी फोन पे ऐप के जरिए भुगतान दिखाकर दुकानदार को 5 हजार रु का चूना लगा दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।**



थाना प्रभारी कोतवाली मैहर अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को फरियादी अभय दहिया निवासी हरनामपुर, मैहर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी दुकान, जो सरला नगर रोड ओवरब्रिज के नीचे स्थित है, पर दो व्यक्ति कपड़े एवं ट्रॉली बैग खरीदने आए थे। आरोपियों द्वारा लगभग 5000 रुपये की खरीदारी करने के बाद फर्जी फोनपे ऐप के माध्यम से भुगतान सफल होना दर्शाकर वहां से चले गए, जबकि फरियादी के खाते में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से फर्जी फोनपे ऐप वाला मोबाइल फोन तथा खरीदे गए कपड़े एवं बैग बरामद किए गए। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# पीएम सूर्य घर' योजना को मिली नई रफ्तार, सोलर रथ रवाना

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. शहर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम की शुरुआत की गई। पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के पुराना पावर हाउस स्थित शहर संभाग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया।**

इस दौरान शहर में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया और ईदम इंफ्रा के



संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता मृगेंद्र सिंह चंदेल, कुलदीप मिश्रा, अवनीश पांडे, रामविनीत तिवारी, पूनम गुप्ता सहित विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सोलर रथ' रहा, जिसे अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को 'पीएम सूर्य घर' योजना की जानकारी देगा और घरों में रूफटॉप सोलर लगाने के लिए प्रेरित करेगा। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत घर-घर संपर्क, नुक्कड़ नाटक, स्कूलों में कार्यक्रम और डिजिटल माध्यमों से लोगों को योजना के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### बिल घटेगा, पर्यावरण भी बचेगा

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सौर ऊर्जा आज समय की जरूरत है। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आएगी, साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस अभियान से सतना शहर में सोलर ऊर्जा अपनाने की रफ्तार तेज होगी।

### मंडी सचिव और जिला प्रबंधक नॉन को नोटिस जारी

**मैहर 24 अप्रैल.** कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने शुक्रवार को हरनामपुर मंडी स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र में व्यवस्थाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 अप्रैल से गेहूं खरीदी प्रारंभ हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद केंद्र में उपार्जित गेहूं का उठाव नहीं किया गया है। उन्होंने जिला प्रबंधक नान पंकज बोरसे और मण्डी सचिव मैहर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने उप्र के कौशांबी से दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. पहले अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में उलझाकर जान पहचान बढ़ाई और फिर उसके बाद शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को उप के कौशांबी से गिरफ्तार कर लिया।**



थाना कोतवाली मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को फरियादिया नाबालिग द्वारा थाना कोतवाली मैहर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी नानी के घर रहती थी। वर्ष 2025 में आरोपी राज सिंह निवासी जिला कौशांबी (उ.प्र.) उसके संपर्क में आया और दोनों के बीच बातचीत होने लगी। फरियादिया के अनुसार आरोपी ने नवंबर 2025 में उसे मैहर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दिनांक 12 अप्रैल 2026 को पुनः उसे मैहर बुलाकर एक होटल में शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान आरोपी राज सिंह पिता उदय चंद्र सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी केरई, थाना पिपरी, जिला कौशांबी को गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायालय के आदेशानुसार उसे उप जेल मैहर भेज दिया गया।

# बाइक सवार के झोले में मिली 54 लीटर शराब

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. बाइक से आ रहे एक व्यक्ति को जब पुलिस ने रोक कर जांच की तो उसके झोले में कुल 54 लीटर अवैध शराब पाई गई। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पकड़ी गई शराब की कीमत 40 हजार रु आंकी गई।**



मैहर थाना प्रभारी कोतवाली प्रभारी अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से उचेहरा की ओर से अवैध शराब लेकर आने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध की प्रतीक्षा की गई। कुछ ही देर में मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति सफेद रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रोक लिया। संदिग्ध व्यक्ति एवं उसके वाहन की तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्क19 ष्ट 3644 में रखे दो झोलों से कुल 300 पाव (लगभग 54 बल्क लीटर) अवैध शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी का नाम अशोक सिंह निवासी ओंकार पैलेस के पास, मैहर होना पाया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# सामूहिक विवाह की तैयारियों को महापौर ने दिया अंतिम रूप

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 1 मई को व्यंकट क्रमांक-2 मैदान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में करीब 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।**



महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विवाह सम्मेलन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों, ताकि वर-वधू एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बेटियों के सम्मान, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़ा पुनीत प्रयास है तथा इसे गरिमामय, भव्य और यादगार बनाया जाएगा। बैठक में पंडाल, भोजन, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, सुरक्षा, पंजीयन सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। महापौर ने कहा कि नगर निगम इस आयोजन को उत्सव के रूप में सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। समीक्षा बैठक में एस.के.सिंह, अधीक्षण यंत्री नगर पालिक निगम सतना, सत्यम मिश्रा, उपायुक्त नगर पालिक निगम सतना के साथ निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक नजर में





### बोनान्ज़ा में इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रीमियर प्रतियोगिता

**सतना।** बोनान्ज़ा कॉ. हॉ. से. स्कूल मे ं चौथा इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रीमियर लीग का आयोजन चेयरपर्सन गौरव अरोरा की अध्यक्षता तथा प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव एवं क्रीड़ा अधिकारी नमन उपध्याय के निर्देशन में आयोजित किया गया इस लीग का उददेश्य छुपी हुई प्रतिभा को ढूढना हैं एवं बच्चो ं में खेलो के प्रति जगरूकता एवं दिलचस्पी बढ़ाना है निरन्तर चार वर्षो से यह प्रतियोगिता अप्रैल माह में आयोजित की जाती है जिसमे ं सतना नगर के सभी विद्यालयों के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जाता है।

### चंद्रिका त्रिपाठी पालक महासंघ के तहसील अध्यक्ष नियुक्त



**सतना.** पालक महासंघ मध्य प्रदेश जिला इकाई सतना के अध्यक्ष ध्रुव त्रिपाठी की अनुशंसा एवं संभाग प्रभारी बृजेंद्र अग्निहोत्री की सहमति, प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा के निर्देशानुसार चंद्रिका त्रिपाठी को रघुराज नगर तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश इकाई एवम जिला इकाई का आभार व्यक्त किया गया। संगठन के राकेश श्रीवास्तव, जागेश्वर प्रसाद उपाध्याय, निलेश केवट, पुस्पेंद्र लोधी , राजीव मिश्रा, नंदकिशोर मिश्रा, छेदीलाल अहिरवार अध्यक्ष नागोद, संतोष द्विवेदी, शिवकुमार गौतम, पुनीता सिंह, फूलमती नामदेव, शंकर रजक व अन्य अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# संत निरंकारी सत्संग भवन में 227 यूनिट रक्तदान

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल, ।जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है।**



परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहां ऽमानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहाराऽ का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ। मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप बनकर उभरा। इसी क्रम में मानव एकता दिवस के अवसर पर ब्रांच संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना में रक्तदान शिविर योगेश ताम्रकार महापौर सतना के मुख्य आतिथ्य में आयोजन हुआ.

# कलेक्टर मैहर ने कार्यपालन यंत्री आरईएस को जारी की कारण बताओ नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 24 अप्रैल. कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 और 2017-18 में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत 34 आंगनवाडी भवनों के अपूर्ण पाये जाने पर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा लाजरूस केरकेट्टा को कारण बताओ नोटिस जारी की है।**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के दो दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाये जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर मैहर द्वारा जारी कारण बताओ सूचना में कहा गया है कि पूर्व वित्तीय वर्षो में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत मैहर जिले के 34 आंगनवाडी भवनों को पूर्ण कराने के लिए महिला एवं बाल विकास द्वारा उपलब्ध कराई अतिरिक्त राशि प्रत्येक अपूर्ण एवं अप्रारंभ आंगनवाडी भवनों के लिए प्रति भवन 1.70 लाख के मान से जिला पंचायत के खाते में राशि उपलब्ध कराकर शासन के नियमानुसार तकनीकी आंकलन और स्वीकृतियों के संबंध में निर्देश दिये गये थे।

# कांग्रेस ने महिलाओं की आकांक्षाओं का गला घोटा : सुमित्रा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 अप्रैल. केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गये नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस एवं प्रमुख विपक्षी दलो द्वारा उठाये गये कदम के विरोध मे सतना मे सर्व समाज महिला जनआक्रोश सम्मेलन आयोजित किया गया।**



भाजपा की राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक एवं प्रदेश सरकार की नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की विशेष मौजूदगी मे आयोजित इस सम्मेलन मे ब?ी संख्या मे सर्व समाज की महिलाओ ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा की राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक ने कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दलो द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने की क? शब्दो मे निंदा करते हुए कहा कि यह विधेयक देश की आधी आबादी के सम्मान, अधिकार औरा राजनैतिक भागीदारी से जु?ा है। लेकिन कांग्रेस ने नारी शक्ति अधिकारो पर चोट करते हुए उसे पारित नही होने दिया।



### विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद ने किया सम्मान

**सतना**, विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, कृष्ण नगर, सतना द्वारा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल विद्यालय, बल्कि अपने परिवार का भी नाम गौरवान्वित किया है।